# निदेशक कार्यालय
# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
# अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

फा.सं.40-30/2022-स्था.I(नि.का.) दिनांक: 11 अक्टूबर, 2022

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

*******

ऐसा देखा गया है कि वृक्क विज्ञान विभाग के पास केवल 13 डायलेसिस स्टेशन हैं, जो रोगियों (ईएचएस एवं गैर-ईएचएस) की उस संख्या को उपचार प्रदान करने में बहुत अपर्याप्त है जिन्हें गुर्दे की गंभीर चोट, ऑपरेशन से पहले एवं बाद की जटिलताओं, प्री-रीनल प्रतिरोपण आदि के कारण डायलिसिस की आवश्यकता है।

दिनांक 11 अक्टूबर, 2022 को प्रो. एस.के. अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, वृक्क विज्ञान विभाग, प्रो. नंद कुमार, आचार्य, मनोचिकित्सा, इंजीनियरी सेवा प्रभाग तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा पुरानी राजकुमारी अमृत कौर ओ.पी.डी. के चौथे तल, जिसे हाल ही में ई.एन.टी. विभाग द्वारा खाली किया गया है, का दौरा किया गया ताकि वहां अतिरिक्त डायलिसिस स्टेशनों को स्थापित करने के प्रचालन एवं संभाव्यता का आकलन किया जा सके।

इसके बाद, यह निर्णय लिया गया कि पुरानी राजकुमारी अमृत कौर ओ.पी.डी. के चौथे तल को वृक्क विज्ञान विभाग को आबंटित किया जाए, जिससे 1 जनवरी, 2023 तक कम से कम 15 नए डायलिसिस स्टेशनों को आरंभ करने का आदेश दिया गया है।

न्यूरोमॉड्यूलेशन एवं टी.एम.एस. (ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन), मनोचिकित्सा विभाग द्वारा उपयोग किए जा रहे स्थान को उनके द्वारा उपयोग जारी रखा जाएगा तथा संलग्न कमरों (36 मीटर) को न्यूरोमॉड्यूलेशन एवं मानसिक स्वास्थ्य में उन्नत अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र (सी.ए.आर.आई.) के विस्तार हेतु आबंटित किया गया है।

श्रीनिवास

**( प्रो. एम. श्रीनिवास )**
**निदेशक**

**वितरण:**

1. विभागाध्यक्ष, वृक्क विज्ञान विभाग
2. विभागाध्यक्ष, मनोचिकित्सा विभाग
3. अपर निदेशक (प्रशासन)
4. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
5. सदस्य सचिव, स्पेस कमेटी
6. अधीक्षण अभियंता (एम्स)